तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 25 मई 2025

12 वनांचल के बच्चों को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर की...

12 किसानों के हितों की रक्षा और कालाबाजारी...




**खबर संक्षेप**

### क्षेत्र में रूक-रुक कर हुई बारिश ने बढ़ाई चिंता



**दुर्गूकोंदल।** क्षेत्र में लगातार रूक-रूक कर हुई बारिश ने किसानो के लिए चिंता बढ़ा दी है। गर्मी का प्रमुख फसल मक्का, धान एवं सब्जियाँ तथा छत्तीसगढ़ का हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता खरीददारी के पश्चात अब बोरा भराई का काम नही होने से फड़ मुंशीयो के साथ प्रबंधक भी परेशान है। तेंदूपत्ता तोड़ाई कर जहां तेंदूपत्ता को सुखाया गया है, वहां से अब तक तेंदूपत्ता का उठाव नहीं हुआ है। वहीं फड़ मुंशीयों का कहना है कि सही समय पर बोरा न देने के कारण और बारिश को देखते हुए पाल की कमी के कारण हमें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में रुक-रुक कर बारिश होना किसानों के लिए चिंता का विषय हो सकता है, क्योंकि इससे कई तरह की फसलें प्रभावित हो रही है।

### कोड़ेजुंगा के सुग्रीव नगर में घंटों बिजली रही गुल



**कांकेर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्रामों में बिजली सप्लाई प्रभावित होने से ग्रामीण ज्यादा ही परेशान है। विभाग को लंबे समय से शिकायत मिल रही है, परंतु कोई समाधान नहीं मिल पा रहा है। शहर से लगे ग्राम कोड़ेजुंगा के सुग्रीव नगर गौशाला पारा में 24 मई की सुबह साढ़े 5 बजे से बिजली सप्लाई प्रभावित हुई और कई घंटे तक ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह के समय पानी पीने के लिए, नहाने, खाना बनाना आदि के लिए पानी की जरूरत होती है, परंतु बिजली सप्लाई बाधित होने से पानी नहीं मिल पाया, जिससे इस ईलाके के लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के लिए आगे आने के बजाय कई घंटो तक मौन साधे रहते है।

### अंतरराष्ट्रीय जैविविधता दिवस मनाया गया



**दुर्गूकोंदल।** जंगो रायत्तार विद्या केतुल शिक्षण एवं शोध संस्थान दमकसा के संस्थापक एवं पर्यावरण विद एवं गोडी भाषाचार्य शेरसिंह आंचला के सौजन्य से 22 मई को ग्राम दमकसा के जिमेदारीन शीतला गुड़ी के बाऊंड्री घेरे में पौधे रोपण किया गया। बरगद का पौधा दुग्गा परिवार के बुजुर्ग पति-पत्नि के कर कमलों से रोपित किया गया। आगामी पीढ़ी जीवन सुरक्षा के सम्वन्ध चिंतन करते हुए पेड़-पौधे एवं विभिन्न जीव जंतु के सुरक्षा के लिए सगज रहना चाहिए तभी हम आगमी पीठियों के जीवन सुखमय रह पाएगा। इस मौके पर ग्राम के महिलाएं एवं नन्हे मुन्हे बच्चे तथा ग्रामों के समाज प्रमुख सम्मिलित हुए, जिसमें सिवनी ग्राम से झाडूराम उईका, पुनऊराय दुग्गा एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत श्रीपुर निवासी 18 वर्षीय कारूणा मंडल ने दुपट्टा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पीव्ही 64 निवासी पतित मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 23 मई को घर के कमरे में दुपट्टा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**असंतोष : ग्रामीणों में दिखा आक्रोश, 16 साल से नौकरी का कर रहे हैं इंतजार**

# रेलवे, बीएसपी और ग्रामीणों की बैठक रही बेनतीजा, रेल रोको आंदोलन फिर से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रेलवे के द्वारा ग्रामीणों से ली गई जमीन के बदले नौकरी देने का आश्वासन दिया था, परंतु आज तक पूरे परिवारों को नौकरी नहीं मिलने के चलते बार बार अल्टीमेटम देने के उपरांत दो दिन पहले प्रभावित ग्रामीणों ने रेल रोको आंदोलन की शुरूआत किया था। रेलवे प्रबंधन और बीएसपी ने जिला पंचायत में फिर से शनिवार को बैठक आयोजित किया, परंतु बैठक बेनतीजा साबित हुई। प्रभावितों का कहना था कि हम लोग फिर से आंदोलन शुरू करेंगे और आने वाले समय में लौह अयस्क से भरी हाईवा को भी भानुप्रतापपुर से नहीं जाने दिया जाएगा, इसका अल्टीमेटम सोमवार को अधिकारियों को दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार 24 मई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला प्रशासन, रेलवे और बीएसपी के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के लिए बैठक आयोजित किया गया था। रेलवे के एडीआरएम बजरंग अग्रवाल ने प्रभावितों को बताया कि पहले नोटिफिकेशन में जिसकी जमीन ली गई, उन सभी को नौकरी दिया गया है। किसी कारण ▶▶| शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- भिलाई स्टील प्लांट जाने वाले लौह अयस्क वाले ट्रकों को भी रोका जाएगा
- रेलवे अफसरों ने नए नियम के तहत नौकरी नहीं दिए जाने की कही बात





### जिम्मेदारों ने साधा मौन



प्रभावित ग्रामीणों की ओर से चंद्रशेखर यदु ने कहा प्रशासन बार बार रेलवे को पत्र लिखता है, परंतु उधर से किसी भी तरह का कोई जवाब नहीं आता है। मेरा यही कहना है कि रावघाट परियोजना के तहत जमीन का अधिग्रहण किया गया था और बाद में जमीन जो 2019 के नोटिफिकेशन में ली गई, उसे भी उसी पुराने अधिनियम का हिस्सा मानते हुए लिया जाना था। अफसरों की गल्ती के कारण हम लोग क्यों सफर करें। हमारी केवल एक ही माँग है कि हमारे जिले से रेलवे ने जिसकी जमीन लिया है, उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिया जाना चाहे। नाती को दो, भतीजा को दो या अन्य किसी को दो। प्रशासन से वंशावली लेकर एक सदस्य को जब तक नौकरी नहीं दिया जाएगा, तब तक हम लोग आंदोलन के लिए मजबूर रहेंगे। हमारे ऊपर मामला दर्ज करा दो, चाहे गोली मरवा दो। हम तभी पीछे हटेंगे जब तक सभी परिवार को नौकरी नहीं मिल जाएगी। चौगेल निवासी प्रेमबती उइके दिव्यांग है, उन्होने सामने आकर कहा कि मेरे आगे पीछे कोई नहीं है। मेरा भतीजा है, जो मेरा ख्याल रखता है, उसके नौकरी के लिए 10 से ज्यादा साल से गुहार लगा रहे है, परंतु नियमों का हवाला देकर हमारे भतीजे को नौकरी नहीं दिया जा रहा है। टेकाढोड़ा निवासी श्यामा ने रेलवे और बीएसपी के अधिकारियों से कहा कि नौकरी नहीं दे सकते है तो हमारी जमीन वापिस कर दो, दूसरी जगह से रेल लाईन लेकर जाओं। हम लोगों को जितना मुआवजा मिला, उससे ज्यादा नौकरी पाने के लिए चक्कर लगाते लगाते खर्च हो गया है। चौगेल निवासी रोजी गावड़े ने बताया कि हमारे दस्तावेजों में गड़बड़ी हो जाने के चलते विगत 16 साल से चक्कर लगा रहे है, परंतु समस्या का निराकरण नहीं किया गया। कन्हारगांव, धोबापारा, रावघाट, कूलर, फूलपाड़, लामपुरी, अन्तागढ़ और अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण बैठक में शामिल हुए।



### आंदोलन निरंतर चलता रहेगा

ग्रामीणों की तरफ से बात रखने वाले कन्हारगांव निवासी चंद्रशेखर यदु ने कहा कि रेलवे और बीएसपी नौकरी की माँग को जब तक पूरा नहीं करते है, तब तक हमारा आंदोलन अनवरत चलता रहेगा। बीएसपी के पास ट्रक के माध्यम से जो लौह अयस्क की आपूर्ति हो रही है, उसे भी रोकने का अल्टीमेटम दिया जाएगा। मेरी यही माँग है कि प्रभावितों को नौकरी दिया जाए, तभी बात बनेगी। जमीन चाहे निजी हो या वन अधिकार पत्र की हो।

## सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की जानी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- गर्भवती हितग्राहियों से मिले अधिकारी, जांच व्यवस्था की ली जानकारी
- मितानिनों को दिए मार्गदर्शन, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की हकीकत को जानने के लिए सीएमएचओ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगोडार, लखनपुरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा का औचक निरीक्षण किया और अस्पताल में भर्ती गर्भवती हितग्राहियों से मिलकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के सफल क्रियान्वयन एवं गर्भवती महिलाओं के गुणवत्तापूर्वक जांच के लिए प्रत्येक माह 9 एवं 24 तारीख को मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं की जांच, उच्च जोखिम महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित के द्वारा जांच किया जाता है। इसी के तहत 24 मई शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अपनी टीम के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगोडार, लखनपुरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा का औचक निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने गर्भवती हितग्राहियों से मिलकर उनका हालचाल पूछा व योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया। मितानिनो से बातचीत कर हितग्राहियों को अस्पताल तक पहुंचने में प्रोत्साहित करने के लिए उचित मार्गदर्शन भी दिया। इसके साथ ही सभी प्रभारी चिकित्सकों एवं स्टाफ को 9 एवं 24 तारीख को विशेष दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए निर्देश दिया, जिसमें गर्भवती महिलाओं के लिए रिफ्रेशमेंट एवं आवश्यक सुविधाएं सभी संस्था में उपलब्ध हो। जाँच के दौरान मिली खामियों को ठीक करने के लिए संबंधित जिम्मेदार को निर्देशित किया। सीएमएचओ ने स्वास्थ्य अमले से कहा कि लापरवाही सामने आने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी, सभी अपने दायित्वों को सही ढंग से निर्वाह करें। निरीक्षण के दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार सोनी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वंदना व्यास, जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैद्य एवं अस्पताल का स्टाप उपस्थित रहें।

### कांकेर में प्री मानूसन की एंट्री, सात दिनों तक ऐसा ही रहेगा मौसम

**कांकेर।** केरल में तय समय से पहले मानसून पहुंच गया है, इसके साथ ही कांकेर में भी जल्द मानसून पहुंच सकता है। इससे कांकेर में प्री-मानसून की एंट्री भी हो गई है। मौसम विभाग ने प्रदेशभर के साथ कांकेर जिले के साथ-साथ धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, रायपुर और दुर्ग में अगले 7 दिनों तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। बारिश के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है। कांकेर जिले में तीन दिनो से बारिश हो रही है। शाम होते ही मौसम अपना अंदाज बदल देता है और बारिश शुरू हो जाती है। शनिवार 24 मई को सुबह से मौसम गहराया हुआ था। लग रहा था कि दिनभर बारिश होगी। सुबह 7 बजें से हल्की बारिश शुरू हो गई, जो 11 बजें तक छिटपुट होती रही, कुछ देर बाद सूरज दिखाई दिया। तेज धूप के कारण लोग उसम से परेशान होने लगे। शाम जैसे ही हुआ मौसम ने अपना अंदाज फिर बदल दिया। शाम 6 बजते ही शहर में तेज हवाएं चलने लगी। जोर जोर से बिजली कड़कने के साथ ही बारिश शुरू हो गई। करीबन आधे घंटे तक बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो इस तरह का मौसम कम से कम 7 दिनों तक बना रहेगा। तापमान में कमी आएगी, परंतु उमस से लोग परेशान भी रहेंगे। 24 मई से नवतपा शुरू हो गया, जो गर्मी के लिहाज से सबसे अधिक तीव्र और तपती हुई अवधि मानी जाती है। इस दिन सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जो कि नौतपा के आरंभ का संकेत है, यह 2 जून तक रहेगा। नवतपा के पहले दि तीव्र और तपती हुई गर्मी होना चाहिए, परंतु नवतपा के पहले दिन हुई बारिश ने नवतपा की गर्मी को कम कर दिया।

## मोदी सरकार लगातार कर रही है संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमलाः राजेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- कांग्रेस ने संविधान बचाओ सभा एवं मशाल रैली का किया आयोजन

जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा नया बस स्टैंड स्थित डोम में जिला स्तरीय संविधान बचाओ सभा एवं नया बस स्टैंड से अंबेडकर चौक तक मशाल रैली का आयोजन किया गया। संविधान रैली को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि यह संविधान बचाओ रैली एक दृढ़ जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किए जा रहे लगातार हमलो, बदले की राजनीति, देश की आर्थिक नीति सिर्फ कुछ पूंजीपति के लिए कार्य कर रही है और सामाजिक न्याय के हनन का मुकाबला करना है।

यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीन स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्य पर फिर से जोर देगा। जिला अध्यक्ष सुभद्रा सलाम ने कहा कांग्रेस का यह अभियान हमारे लोकतंत्र की आत्मा की रक्षा के लिए कार्य कर रही है। इस अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने, स्वतंत्रता,समानता और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने और हर भारतीयों के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिए लड़ने के लिए एकजुट है। हम इस देश के गरीबों के लिए अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे। सभा को प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, महामंत्री नरेश ठाकुर ने भी संबोधित किया।

आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप, झरना ध्रुव, मृदुला भास्कर, नवली मीना मंडावी, नितिन पोटाई, नरेन्द्र यादव, हेमंत ध्रुव, विजय ठाकुर, हेमनारायण गजबल्ला, सरजू शोरी, रूप सिंह पोटाई, सुनील पाढ़ी, तरेंद्र भंडारी, यासीन कराणी, सुनील गोस्वामी, लोमेन्द्र यादव, मकबूल खान, विरेन्द्र ठाकुर, मिथलेश शोरी, रोमनाथ जैन, इंद्रजीत विश्वास, रोहिदास शोरी, सुनाराम तेता, गोपीचंद बढ़ाई, आनंद चौरसिया, विष्णु नेताम, खोमेन्द्र उईके, सुमित राय, शिवांकित श्रीवास्तव, गोमती सलाम, सुरेश नाग, योगेश राजपूत, किसन साहू, अमन गायकवाड़, तारस सिन्हा सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

**डेढ़ करोड़ की लागत से डोंगरी बांध जलाशय का होगा मरम्मत कार्य**

# तालाकुर्रा क्षेत्र के किसानों की सिंचाई पानी के लिए जागी उम्मीद, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




सात साल पहले तेज बारिश के कारण डोंगरीबांध जलाशय क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे सैकड़ो किसानों का सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा था। ग्रामीण लंबे समय से माँग कर रहे थे। विधायक आशाराम नेताम के प्रयास से मरम्मत कार्य स्वीकृत हुआ और उनके भूमिपूजन करने से तालाकुर्रा क्षेत्र के लगभग 400 किसानों की उम्मीद जाग गई है कि अब खेतों के लिए पानी मिल जाएगा।

जिलामुख्यालय कांकेर से लगभग 25 किमी. की दूरी पर स्थित तालाकुर्रा में बने डोंगरी बांध जलाशय से लगभग 400 से अधिक किसान आश्रित है। किसान बारिश के दिनों में अपने फसलों के उत्पादन के लिए इसी जलाशय के पानी का खेती कार्यों में उपयोग करते थे, लेकिन 2017 में हुए भारी बारिश के कारण बांध के कुछ हिस्सा टूट गया था।, जिसके चलते किसानों का इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। बांध के मरम्मत कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों एवं सरपंचों के द्वारा भी कई बार आवेदन भी दिया गया। कांग्रेस के कार्यकाल में सरकार से कई बार प्रयास किया गया, परंतु सरकार और जनप्रतिनिधियों ने गंभीरता नहीं दिखाई, जिसके चलते किसान सात साल से परेशान थे। विधायक आशाराम नेताम के संज्ञान में प्रकरण लाया गया, उन्होने उच्च अधिकारियों और मंत्री से बात करके बांध के मरम्मतीकरण के लिए राशि स्वीकृत करवाने की पहल किया और उसी का परिणाम रहा कि बाँध की मरम्मत के लिए 1 करोड़ 58 लाख रूपएं मिल सका।

विधायक आशाराम नेताम ने डोंगरी बांध जलाशय का 24 मई को विधि विधान के साथ भूमिपूजन किया। उन्होने ग्रामीणों से कहा कि यह बहुत पुरानी माँग आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की वजह से पूरा हो सका है। इससे निश्चित ही खेती कार्यों में तेजी आएगी और इसका लाभ पूरे गांव के प्रभावित किसान भाई लेंगे।

आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच विनोद रावटे, उप सरपंच जितेंद्र कुमार साहू, जनपद सदस्य उमेश साहू, सभापति सहकारिता उद्योग पंचुराम नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष संजय जैन, पटेल जोगीराम नरेटी, गायता देवनाथ नरेटी, नारायण जैन, संता तेता, महेश भुवार्य, तिरमक जैन, ईमेंद्र जैन, देवानंद जैन, अनिल यदु, अलीत सिन्हा, अंगद जैन, हेमलाल कुलदीप एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मेश्राम एवं एसडीओ एसआर जाटव के अलावा पंचायत के समस्त पंचगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ढेकुना में चलाया स्वच्छता अभियान जल संरक्षण के लिए दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- तालाब और आसपास के क्षेत्र की गई सफाई, ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

समाज सेवी संगठन जन सहयोग अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए शहर के आसपास के गांवों में भी समाज सेवा प्रारंभ किया है। इसी के तहत 24 मई को सुबह साढ़े 6 से साढ़े 9 बजें तक ग्राम ढेकुना में ग्राम के तालाब तथा आसपास सफाई अभियान चलाया, जिसमें ग्रामवासियों ने भी बढ़ चढ़कर सहयोग दिया। जल संरक्षण महा अभियान जो कि एक सरकारी कार्यक्रम है, इसमें भी जन सहयोग ने अपना योगदान दिया। लोगों को स्वच्छता और पानी बचाने की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता एवं जल संरक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न होते देख कर ग्रामीण लोगों में अत्यंत प्रसन्नता देखी गई। लोगों ने जन सहयोग संगठन के ग्रामीण क्षेत्र में कार्य विस्तार का स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि हमारा काम ही समाज सेवा का है, जहां भी हमें प्रेम- पूर्वक आमंत्रित किया जाएगा हम लोग सहर्ष आकर अपना कर्तव्य पूर्ण करेंगे। जन सहयोग समाज सेवी संगठन की ओर से अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, राजकुमार फब्याणी, डॉक्टर श्याम ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### शिविर में शामिल हुए स्काऊट गाइड कैप्टन



**जगदलपुर।** भारत स्काउट गाइड द्वारा 12 से 18 मई तक हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण शिविर कोनी बिलासपुर में आयोजित किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलास सोनी के प्रयास से राष्ट्रीय प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हुआ। बस्तर जिले से गाइड कैप्टन कंचन विश्वकर्मा एवं रेंजर कैप्टन जमुना ठाकुर शामिल रहे। शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों के चयनित 41 गाइड कैप्टन 23 रेंजर कैप्टन भाग लिए। कंचन ने बताया कि शिविर में मिले ज्ञान से बस्तर जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियां और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जा सकेगी।

### युक्तियुक्तकरण के विरोध में 28 को मंत्रालय घेराव

**भोण्ड।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन के अध्यक्षता में प्रांतीय वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। जिसमें लगभग 200 पदाधिकारियों की उपस्थिति में विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को निरस्त करने एवं 28 मई को मंत्रालय घेराव में आम सहमति के साथ निर्णय लिए गए। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी ने सरकारी स्कूलों मे शिक्षकों की कमी से शिक्षा गुणवत्ता को प्रभावित करना, युक्तियुक्त करण के नाम पर सरकारी स्कूलों को बंद किया जाना एवं निजी विद्यालयों को बढ़ावा देना, शिक्षा के निजीकरण का संकेत है। इसका विरोध किया जाना आवश्यक है। 28 मई को प्रदेश के 23 शैक्षिक संगठनों के नेतृत्व मे मंत्रालय का घेराव किया जाएगा।

### बिजली कटौती से जूझ रहे 2 वार्ड के निवासी

**जगदलपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष व माता संतोषी वार्ड के कांग्रेस पार्षद राजेश चौधरी ने बताया कि कुम्हारपारा, हाट कचोरा क्षेत्र के निवासी पिछले कई महीनों से लगातार बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं। दिन-रात अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण आमजनों का जीवन प्रभावित हो रहा है, जिससे जल प्रदाय, विद्यार्थियों की पढ़ाई, व्यापारिक गतिविधियाँ और घरेलू कार्य बाधित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के मांग अनुसार बिजली विभाग के अधिकारी इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करें ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

### प्रोजेक्ट वर्क के लिए हुआ कर्मा विवि में साक्षात्कार

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा दो दिवसीय कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इसमें विवि के यूटीडी से उत्तीर्ण और वर्तमान में स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अतिरिक्त विभिन्न महाविद्यालयों के पासआउट 176 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इंटरव्यू से शार्ट लिस्टेड स्टूडेंट को जिला कार्यालय के आस्था हॉल में रविवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इंटरव्यू और प्रशिक्षण के बाद चयनित विद्यार्थियों की लिस्ट तैयार की जाएगी। इस अवसर पर प्रो. स्वपन कुमार कोले, डॉ. अजीत प्रसाद,डॉ. रश्मि देवांगन, डॉ. दुर्गेश डिक्सेना,डॉ. भुनेश्वर लाल साहू, डॉ. भेनू,डॉ. गुरप्रीत सिंह एवं सलील दास उपस्थित थे।

# मानसून आने के पहले प्रोजेक्ट्स को हर हाल में किए जाए पूरा

## नगर पालिका परिषद कोंडागांव में जनप्रतिनिधी व अफसरों ने ली ठेकेदारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका परिषद में आज अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में ठेकेदारों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक अभियंता भी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व नगर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना। कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण करने के लिए दिशा–निर्देश जारी करना था।

बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से सभी ठेकेदारों को निर्देशित किया कि वे मानसून के पहले अपने–अपने प्रोजेक्ट्स को हर हाल में पूर्ण करें। नगर में चल रहे सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल पाइपलाइन, शौचालय, एवं अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं को समय पर पूरा करना अनिवार्य बताया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि किसी ठेकेदार द्वारा कार्यों में अनावश्यक देरी की जाती है या गुणवत्ता से समझौता किया जाता है, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी जिससे भविष्य में उन्हें कोई भी नगर पालिका का कार्य आवंटित न किया जा सके।



### किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी: अध्यक्ष

नपा अध्यक्ष ने बैठक में कहा कि नगर की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों की निगरानी करेगा। इस बैठक से यह स्पष्ट संकेत मिला है कि नगर पालिका प्रशासन अब विकास कार्यों में गुणवत्ता और समय–सीमा दोनों को लेकर बेहद गंभीर है। आगामी कुछ दिनों में सभी प्रोजेक्ट्स की प्रगति की पुनः समीक्षा की जाएगी। आवश्यकतानुसार फील्ड निरीक्षण भी किया जाएगा।

## आयोजन : कोंडागांव में संविधान बचाओ यात्रा

# भाजपा की संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का जनजागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आज ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा में संविधान बचाओ यात्रा का सफल आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संविधान की रक्षा एवं भाजपा सरकार द्वारा की जा रही कथित संविधान विरोधी गतिविधियों को जन–जन तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आमजन ने भाग लिया। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस अवसर पर केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान शासन द्वारा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। संविधान के मूल मूल्यों पर बार–बार प्रहार किया जा रहा है। आयोजन में प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल सहित पार्टी समर्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की उत्साही उपस्थिति रही। वक्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना और उसमें निहित मूल अधिकारों की महत्ता को रेखांकित करते हुए आम नागरिकों से अपील की कि वे संविधान की रक्षा के लिए सजग रहे। कार्यक्रम के दौरान पंचायत भवन डोंगरीगुड़ा के पास नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने संविधान विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज़ उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके बाद एक रैली भी निकाली गई। जिसमें हाथों में तख्तियां लिए कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ जैसे नारों के साथ जनजागरण किया।



### जिम्मेदारी निभाने की अपील

जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि वे इस कार्यक्रम की सूचना अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। जिसे कार्यकर्ताओं ने गंभीरता से निभाया और कार्यक्रम में उल्लेखनीय भीड़ रही।

### जिला कांग्रेस कमेटी का आभार प्रदर्शन

कार्यक्रम की समाप्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया। यह संकल्प लिया कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

# रासेयो इकाई व वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समिति ने बचाई मरीज की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- वरिष्ठ स्वयंसेवक नारायण सिंह मरकाम ने किया 15वां स्वैच्छिक रक्तदान, कलावती को मिला जीवनदान

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय वीर गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव द्वारा एक प्रेरणादायी कार्य में सहभागिता करते हुए वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समिति के सौजन्य से एक मरीज को जीवनदान देने का कार्य किया गया। यह आयोजन जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे एवं सलाहकार हनी चोपड़ा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समूह के अध्यक्ष मुकेश पोयाम एवं साथी दिनेश वट्टी की उपस्थिति में ग्राम उदेंगा निवासी मरीज श्रीमती कलावती को रामकृष्ण सेवा सदन, उज्ज्वल ब्लड बैंक के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराया गया। यह रक्तदान वरिष्ठ स्वयंसेवक नारायण सिंह मरकाम द्वारा किया गया जो कि इस प्रकार का 15वां स्वैच्छिक रक्तदान था।



नारायण मरकाम ने बताया कि रक्तदान करने से उन्हें आत्मसंतुष्टि मिलती है और यह एक सामाजिक उत्तरदायित्व है जिसे प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को निभाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भी इस पुनीत कार्य में आगे आएं और रक्तदान को एक जनआंदोलन बनाएं। इस कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि समर्पित सेवा और मानवीय भावनाओं के साथ यदि कार्य किया जाए तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समिति का यह प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है।

# मारंगपुरी समाधान शिविर में 2165 आवेदनों का निराकरण

## ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सांसद भोजराज नाग व विधायक नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में हुआ आयोजन, 27 समूहों को मिला 1.15 करोड़ का बैंक लिंकेज

बड़ेराजपुर विकासखंड के दूरस्थ ग्राम मारंगपुरी में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत शनिवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में मारंगपुरी क्लस्टर के 9 गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कांकेर सांसद भोजराज नाग और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर जनसमस्याओं के निराकरण की जानकारी दी गई। पहले चरण में प्राप्त 2182 में से 2165 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर 27 महिला स्व–सहायता समूहों को 1.15 करोड़ रुपए का बैंक लिंकेज प्रदान किया गया। सांसद श्री नाग ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा वृक्षारोपण और जल संरक्षण की अपील की। विधायक श्री टेकाम ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद को पक्का मकान और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्यरत है। शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज वितरण, जाति प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका सहित कई योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला। साथ ही जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बडी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# झीरम कांड के दिन और कभी कभार स्मारक में जुटते हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- लालबाग के टूटे फूटे झीरम घाटी शहीद स्मारक की एक दिन पहले हुई साफ सफाई



दरभा ब्लॉक का झीरम घाट अतिसंवेदनशील और संभाग मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर होने के कारण शहीदों की याद में शहर के ऐतिहासिक लालबाग मैदान में झीरम घाटी शहीद स्मारक बनाया गया था। ताकि राजधानी तथा प्रदेश और देश से आने वाले बड़े नेताओं , कांग्रेसियों तथा झीरम घाटी में शहीद हुये लोगों के परिजन यहां श्रद्धा सुमन अर्पित कर सकें। लेकिन देखरेख और सुरक्षा के अभाव में शहीद स्मारक टुटने फुटने से जर्जर होने लगा है। यहां असामाजिक तत्वों का रात के समय डेरा लगा रहता है । यही कारण है कि शहर के बीच होने के बावजूद यहां तोड़ फोड़ की गई। झीरम कांड 25 मई के एक दिन पहले 24 मई को महिला सफाईकर्मियों द्वारा साफ सफाई की जा रही थी। इस दौरान शाम को नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा अपने अधीनस्थ अमलों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। क्योंकि कल 25 मई है और बड़ी संख्या मे यहां शहीदों को श्रद्धांजलि देने लोग आयेंगे । स्मारक को दुरूस्त किया जा रहा था। हरिभूमि ने स्थल का जायजा लिया जहां शहीदों की प्रतिमा लगाई गयी है उसके नीचे के जगह को तोड़ फोड़कर काफी नुकसान किया गया है।




कांग्रेसियों द्वारा पिछले दिनों यह मामला उठाये जाने के बाद महापौर संजय पाण्डे अपने कुछ सहयोगी पार्षदों के साथ पहुंचे थे और उन्होंने झीरम घाटी शहीद स्मारक को दुरूस्त करने की बात कही थी। इसके लिए निगम के बजट में भी राशि स्वीकृत की गई है। प्रशासन को चाहिए की यह स्थल हमेशा लोगों के लिए सुलभ रहे एवं नियमित रूप से सुरक्षा कर्मी तैनात रहें । साथ ही जो भी बड़े नेता कांग्रेस के बस्तर में आते हैं। उन्हें कम से कम रास्ते में पड़ने वाले लालबाग के शहीद स्मारक में ठहर कर जिन नेताओं ने झीरम कांड में अपने प्राणों की आहूति दी है उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करना चाहिए।

# पॉवर हाऊस परिसर में बनेगा ट्रांजिट हॉस्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य शासन के उर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव बस्तर प्रवास के दौरान शुक्रवार को विद्युत कंपनी के शहर में स्थित पॉवर हाऊस परिसर पहुंचे। उन्होंने परिसर के पुराने आवासों का निरीक्षण किया, जिसे तोड़कर नए आवास का निर्माण करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि इसी परिसर में कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनेगा, जिससे राहत मिलेगी। इसके अलावा पॉवर हाऊस में स्थित लाइनमेनों को कार्य के दौरान हैंडग्लोब, फ्यूज तार, वर्दी आदि सामानों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्युत कंपन जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, शहरीय संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव, सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, बीएस उरांव आदि मौजूद रहे।



# देवी की पूजा अर्चना कर विधायक ने की सुख- समृद्धि की कामना

**जगदलपुर।** विधानसभा क्षेत्र के कलचा में प्रतिवर्ष वार्षिक मेला मंडई का आयोजन होता है, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने परदेशीन माता मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। वहीं कलचा के ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया। वार्षिक मंडई में विधायक ने कहा कि कलचा मे माता मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं।

# ओडिशा से शराब तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा से हो रही शराब की तस्करी रोकने बस्तर पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बाइक से शराब की तस्करी कर रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.900 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

शराब तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा ग्राम उपनपाल चौक के पास नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान होण्डा साइन मोटर सायकल कमांक सीजी 17 केएक्स 6029 में सवार युवक को रोककर उसके पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। तलाशी में सिम्बा स्ट्रांग प्राईड सिरीज बीयर, गोल्डन गोवा सुपिरियर विहस्की व रायल स्टेज डिलक्स विहस्की कुल 10.900 लीटर बरामद कर जब्त किया गया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 6400 रूपए आंका गया है। इसके अलावा लगभग 50 हजार रूपए कीमत की बाईक भी जब्त किया गया।



## शहर की सुंदरता के लिए लगाए गए पौधे अब बन रहे परेशानी का कारण

# हाईवे डिवाइडर पर फैले पेड़-पौधे बने राहगीरों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- स्थानीय नागरिकों ने की त्वरित छंटाई की मांग, नगर पंचायत ने जल्द कार्रवाई का दिया आश्वासन

नगर पंचायत क्षेत्र में नेशनल हाईवे के डिवाइडरों पर शहर की सुंदरता और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सुगंधित और आकर्षक पेड़-पौधों को लगाया गया था। हालांकि, लंबे समय से इनकी नियमित देखरेख और कटाई-छंटाई नहीं होने के कारण अब ये पौधे काफी बड़े हो गए हैं और कई जगहों पर डिवाइडर से निकलकर सड़क पर फैल गए हैं। जिससे हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ मामलों में राहगीरों को सड़कों पर फैली डालियों से चोट भी पहुंची है। इतना ही नहीं, पेड़ों की अधिक ऊंचाई और घनत्व के चलते सड़क के एक ओर से दूसरी ओर देख पाना भी मुश्किल हो गया है, जिससे दुर्घटना की संभावना लगातार बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही इन पौधों की उचित छंटाई नहीं की गई, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने नगर पंचायत से मांग की है कि स्थिति को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस संबंध में नगर पंचायत के सीएमओ पवन मेरिया ने कहा कि डिवाइडर पर लगे पौधों की नियमित रूप से सिंचाई की जा रही है और बढ़े हुए पौधों की शीघ्र ही कटाई-छंटाई करवाई जाएगी, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



## पेज 9 के शेष

### रेलवे, बीएसपी और...

से किसी का प्रकरण लंबित है, उसे भी नौकरी दिया जाएगा। 2019 के नोटिफिकेशन के दौरान भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जमीन का मुआवजा दिया जाएगा, नौकरी का कोई प्रावधान नहीं रहेगा। रेलवे के अधिकारी नौकरी देने का आंकड़ा गिनाते रहे वहीं बीएसपी के अधिकारी भी नौकरी देने का आंकड़ा गिनाते रहे। नौकरी जिनको नहीं मिली, उनके लिए नौकरी कैसे मिलेगी और क्या तरीका अपनाया जा सकता है, इस पर कोई बात करने को तैयार नहीं था। रेलवे के अफसरों ने साफ साफ शब्दों में कह दिया कि 2009 के नोटिफिकेशन में जिसकी जमीन अधिग्रहण किया गया है, उसे नौकरी दे पाना संभव नहीं है।

### ढेकुना में चलाया...

देव के अलावा जल- संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद सदस्य शिल्पा साहू, ग्राम सरपंच कंचन लता सलाम, ग्राम सचिव पूर्व सैनिक टीके जैन, उप सरपंच गिरधारी साहू और पंचगण चंद्रकांत नरेटी, प्रभु कुंजम, मधुसूदन मंडावी, सीमा, मथुरा, विनीता, अमृता, चोमेश्वरी, ग्रामीण अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, रोहित सिंह, ईश्वर साहू, रोहन सिन्हा, नीलू ,महेश साहू, मन्नूराम जुर्री, रामस्वरूप साहू, राजेश्वर यादव, दिनेश सलाम, खमन कावड़े, राधे कश्यप, टीनू नरेटी और सभी ग्रामीण सदस्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### कार्यशाला का आयोजन 26 को

**सुकमा।** जिला प्रशासन की पहल पर जिले के युवाओं को डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने हेतु लाईवलीहुड कॉलेज सुकमा में 16 वर्ष से अधिक आयु के छात्रों के लिए एक विशेष कंप्यूटर स्किल कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यशाला 26 मई को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, डॉक फाइल, एक्सेल, ईमेल का प्रयोग, जॉब पोर्टल सर्च, रिज्यूमे निर्माण, लिंक्डइन प्रोफाइल बनाना, एआई टूल्स का उपयोग, गूगल वर्कस्पेस, गूगल ड्राइव, डॉक्स, शीट्स आदि से जुड़ी प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों के कंप्यूटर संबंधी कौशल को बढ़ाना, उन्हें रोजगार के अवसरों एवं इंटर्नशिप के लिए तैयार करना है, जिससे वे प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में अपनी उपस्थिति मजबूत बना सकें।

## तोकापाल ब्लाक के एरोकोर्ट गांव की अनदेखी

# अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बेलमेटल शिल्पकार प्रधानमंत्री आवास से वंचित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम एर्राकोट में रहने वाले बेल मेटल के शिल्पकार, जिन्होंने अपनी कला से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बस्तर की गौरवशाली संस्कृति को पहचान दिलाई है,आज वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक इन कलाकारों को पक्के आवास की सुविधा नहीं मिल सकी है, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है।

इस संबंध में शिल्पकार जयमन, रधुनाथ, अजय, रामलाल, दिनेश ने बताया कि गांव के लगभग 35 से 40 परिवार पीढ़ियों से इस परंपरागत शिल्प से जुड़े हैं, लेकिन सभी आज भी कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। इनका जीवन गरीबी, उपेक्षा और असुरक्षा के साये में बीत रहा है। कलाकार ने अपनी व्यथा साझा करते कहा कला से पहचान मिली,पर सम्मान नहीं। स्थानीय शिल्पकार रघुनाथ जयमान बताते हैं,यह कला ही हमारे लिए जीवन का आधार है।

जो भी थोड़ी बहुत मजदूरी मिलती है, उसी से घर चलता है। लेकिन हर किसी का सपना होता है एक पक्का घर। यह सपना कब पूरा होगा, यह कोई नहीं जानता। शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई है। शिल्पकारों का मानना है कि उनकी कलाकृतियों के माध्यम से बस्तर ही नहीं, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान देश-विदेश तक पहुंची है, लेकिन उनके खुद के जीवन में बदलाव नहीं आया है। सिर्फ प्रशंसा नहीं चलेगा काम, चाहिए जीवन-सुधार कलाकारों ने प्रशासन से मांग की है कि सिर्फ प्रशंसा और पुरस्कारों तक ही सीमित न रहकर, उनकी वास्तविक जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए। उनका मानना है कि जब तक उनके जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी नहीं होंगी, तब तक कला के संरक्षण और विकास की बात अधूरी ही रहेगी।

### समाज और सरकार को लेनी होगी जिम्मेदारी

बेल मेटल शिल्प बस्तर की पहचान और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि शासन-प्रशासन और सामाजिक संगठन इन कलाकारों की समस्याओं को गंभीरता से लें और उन्हें आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं, ताकि वे गर्व से अपने जीवन को जी सकें, जैसे वे अपनी कला के माध्यम से प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों को त्वरित सुविधाएं एवं प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति

### राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ आत्मसमर्पित को देवें-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आज जिला पुनर्वास समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। बैठक में लोन वराटु अभियान के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने हेतु कई अहम निर्णय लिए गए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी नक्सली आत्मसमर्पण करता है, उसे उसी दिन आधार कार्ड, राशन कार्ड, बस पास, मनरेगा जॉब कार्ड तथा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड जैसी बुनियादी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। इससे उन्हें त्वरित रूप से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और समाज में पुनः स्थापित होने में मदद मिलेगी।

बैठक में आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। साथ ही, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित पद के अनुरूप ईनाम राशि प्रदान करने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा हुई। यह निर्णय आत्मसमर्पण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### नक्सली घटनाओं में मृतकों के परिजनों को राहत

बैठक में नक्सली घटनाओं में मारे गए नागरिकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा उनके एक परिजन को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई और अनुमोदन दिया गया। यह निर्णय पीड़ित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा।

### चिकित्सकीय व्यय की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति

आत्मसमर्पित नक्सलियों के रिवर्स वैसक्टमी ऑपरेशन एवं अन्य शल्य चिकित्सा पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति करने के प्रस्ताव को भी बैठक में सहमति दी गई। यह सुविधा उनके सामाजिक पुनर्वास को और सशक्त करेगी। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित सीआरपीएफ के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सेना के सम्मान में गुरु गोविंद सिंह वार्ड में निकली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम में स्थित गुरु गोविंद सिंह वार्ड में भारतीय सेना के सम्मान में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा झाड़ेश्वर मंदिर से प्रारंभ की गई।

वार्ड वासियों ने हाथों पर तिरंगा लेकर भारत माता की जय और भारतीय सेना के जयघोष लगाए। इस तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से नगर निगम के महापौर संजय पांडे एवं नगर अध्यक्ष प्रकाश झा की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा की गई। वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा, यात्रा प्रभारी अविनाश सिंह गौतम,बूथ अध्यक्ष बंटू पांडे एवं सुरेश कश्यप ने इस यात्रा का नेतृत्व किया। इस तिरंगा यात्रा भारतीय सेवा द्वारा सफलता पूर्वक संपन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर के उपलक्ष्य में आयोजित की गई।

इस ऑपरेशन ने ना केवल पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, बल्कि भारतीय सेना के युद्ध कौशल को पूरी दुनिया ने सराहा। इस तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से मनोहर दत्त तिवारी, अभिलाष यादव, शशिनाथ पाठक,फुलेश्वरी कराई, पंकज आचार्य, अमित तिवारी, उमेश गुप्ता, सुभम गुप्ता, अलोक गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, अजय सेठीया, रमा सवनक, राजेश, राज दुग्गा, रोहित सिंह बैस, भोलू, नरेश कश्यप, त्रिनाथ, बबलू ठाकुर सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## समस्याओं के समाधान के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का ग्राम पंचायतों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने बिंजाम और समलूर ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणजनों से आत्मीय मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर सीधी चर्चा की।

इस मौके पर उन्होंने राशन दुकान और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान राशन दुकान में नेटवर्क की समस्या की जानकारी पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को नेटवर्क सुधार हेतु निर्देशित किया, जिससे राशन वितरण की प्रक्रिया बाधित न हो।

■ **मानसून पूर्व एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध कराने के निर्देश**

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने खासतौर पर आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून में सांप काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए एंटी-स्नेक वेनम सांप के जहर की दवा की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि आपात स्थिति में किसी ग्रामीण की जान बचाई जा सके।

बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या पर फोकस करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बीजापुर जिले के नीलेसेनार से लंबी विद्युत लाइन आने के कारण बार-बार बिजली बाधित होती है। इस पर मुड़ामी ने समलूर क्षेत्र के लिए अलग फीडर की मांग को उचित बताते हुए जल्द समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। मुड़ामी का यह दौरा ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनी हकीकत जानने और त्वरित समाधान की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, जनपद सदस्य पवन कर्मा, जनपद सदस्य रुचिका क्षत्रिय, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुशीला ठाकुर, समलूर सरपंच मोतिराम पोडियम, उपसरपंच लोकेंद्र ठाकुर, बिंजाम सरपंच महादेव नेताम, पूर्व जनपद सदस्य अनिता नेताम , लक्ष्मीनाथ यादव, रामराज ठाकुर, समस्त पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित नई बस परिचालन रूटों पर हुआ विचार मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ग्रामीण परिवहन सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले में प्रस्तावित विभिन्न बस रूटों पर विस्तार से चर्चा हुए कहा कि योजना के तहत ऐसे दुर्गम और पिछड़े गांवों को जोड़ा जायेगा। जहां पूर्व में बस सेवाएं नही थी।

बैठक में प्रस्तावित रूटों के संबंध में बताया कि प्रस्तावित बस रूटों के तहत दंतेवाड़ा से किरंदुल व्हाया मसेनार, गजेनार, मोलसनार, दुगेली, बड़े बचेली, बचेली, दंतेवाड़ा से तोयलंका व्हाया कुम्हाररास, चंदेनार, नेटापुर, गोडरे, गदापाल, दंतेवाड़ा से किरन्दुल व्हाया पुरनरई, तुड़पारास, कुपेर, मंगनार, पंडेवार, कमालूर, झिरका, बासनपुर, धुरली, भांसी, बचेली तथा गीदम में बारसूर व्हाया बड़ेकारली, बड़ेसुरोखी, बड़ेतुमनार, छोटे तुमनार, गुटोली, मोफलनार, छिंदनार, मुस्तलनार, मुचनार, बारसुर, दंतेवाड़ा से मुण्डेर व्हाया भोगाम, फरसपाल, आलनार, कुण्डेनार, तथा कटेकल्याण से नकुलनार व्हाया तुमकपाल, तेलम, टेटम, जिन्हाकोरता, एटेपाल, बड़ेगुडरा, मोखपाल, नकुलनार, नकुलनार से गाटम व्हाया गंजेनार, गढ़मिरी, दुवालीकरका, धनीकरका, सुरनार, बड़ेलखापाल, कुआकोण्डा से बुरगुम व्हाया गोंगपाल, कोरीरास, पालनार, कलेपाल, चोलनार, पीरनार, पेरपा, मड़कामीरास, कुटरेम, हिरोली, गुमियापाल, तनेली, अरनपुर, ककाड़ी, पोटाली, कुआकोण्डा से किरन्दुल व्हाया नकुलनार, श्यामगिरी, खुटेपाल, दुगेली, पीनाबचेली, बड़ेबचेली में बस संचालन प्रस्तावित है। इस संबंध में जिला स्तरीय समिति के द्वारा सहमति प्राप्त सभी मार्गों में बस संचालन की अनुशंसा राज्य स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तावित करने का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे सभी प्रस्तावित मार्गों की भौगोलिक और भौतिक स्थिति का आकलन कर जल्द से जल्द कार्य योजना तैयार करें, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध बस सेवा मिल सके। यह योजना जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित सीआरपीएफ के अधिकारी, एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, परिवहन विभाग,लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई ने अभियान में 20 यूनिट रक्त का किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राष्ट्रीय सेवा योजना, एनएमडीसी डीएव्ही पॉलीटेक्निक दंतेवाड़ा एवं जिला ब्लड बैंक दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान बढ़चढ़ कर किया गया। जिला ब्लड बैंक से डॉ. रविशंकर कटकर, राजू खटकर, वंदना कुमार, सीमा उर्कूड़े, संगीता निषाद, युवराज साहू उपस्थित रहे। इस दौरान सिर्फ़ छात्र छात्राएँ ही नहीं अपितु फैकल्टी द्वारा भी रक्तदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर ने एवं फैकल्टी में पंकज शर्मा, वैभव प्रताप सिंह, आस्था सिंह, आशीष कुमार तिवारी ने रक्तदान कर छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं 20 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ रविशंकर कटकर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया। उन्होंने रक्तदान करने के फायदे बताते हुए कहा कि शरीर में मौजूद हानिकारक आयरन को बाहर निकालता है, दिल से जुड़ी बीमारियों की संभावना को कम करता है, मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद, लिवर को स्वस्थ रखता है। मानव शरीर में ही रक्त का निर्माण संभव है इसे कृत्रिम रूप में नहीं बनाया जा सकता। अतः उन्होंने इस जीवन रक्षक दान हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ मुकेश वी. ठाकुर एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्राचार्य द्वारा जिला ब्लड बैंक एवं स्वास्थ्य विभाग के सदस्यों का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया गया।

## दो दिवसीय आईसीटी व डिजिटल क्लास शिक्षक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



सेजस दरभा हायर सेकेण्डरी स्कूल में हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यापन कराने वाले व्याख्याताओं का दो दिवसीय आईसीटी एवं डिजीटल स्मार्ट क्लास शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

यह प्रशिक्षण राज्य शासन की आईसीटी योजना एवं नवाचार समग्र शिक्षा जिला बस्तर अंतर्गत लैपटॉप तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालयों में डिजिटल क्लास के साथ-साथ कंप्यूटर लैब के माध्यम से शिक्षकों द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कराते हुए समझ विकसित किया जाना है। क्योंकि आज के आधुनिक युग में कंप्यूटर एक सार्थक शैक्षिक उपकरण बन गया है। यह प्रशिक्षण का पहला चरण 21, 22 मई एवं दूसरा चरण 23, 24 मई को आयोजित हुई। इस प्रशिक्षण को मास्टर ट्रेनर रजनी नाग द्वारा बड़े ही कुशलता के साथ उपस्थित प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं में समझ विकसित की गई।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दरभा हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य एमजी काछी, हायर सेकेण्डरी छिंदबहार के प्राचार्य बुधराम कश्यप, छिंदवाड़ा के प्राचार्य विजय कश्यप, पखनार के प्राचार्य नरसिंह बघेल, प्रशिक्षणार्थी व्याख्याता दीनबंधु नाग, लुदरसन कश्यप, हरिराम वेदव्यास, उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, सुबोध शुक्ला, प्रमोद कुमार मरावी, अरविंद सिंह,गंगाराम कश्यप, मानसाय भंडारी, नवीन प्रकाश साहू, प्रकाश सिंह खुसरो, अंजना दानी, हरकित बुडेक, मुरलीधर पटेल, विजय कुमार, बबीता अहिरवार, शिवमचरण धनकर, कल्याणी मिश्रा, सुन्दर लाल केराम, वीरेन्द्र कुमार साहू,शिवा झा, आकाश बिसाई, कमलसाय नाग, मुक्ता राव, सुखदेव बघेल, हेमधर कश्यप, काशीनाथ मौर्य, समलु नाग तथा अन्य प्रशिक्षणार्थी गण उपस्थित रहे।

## कृषि संकल्प अभियान की सफलता के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





जिले में कृषि क्षेत्र को वैज्ञानिक, सतत और जैविक दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून तक किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

■ **29 मई से 12 जून तक, 78 पंचायतों में होगा आयोजन**

बैठक में कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों सहित कृषि विज्ञान केंद्र स्थानीय कृषक उत्पादक संगठन एफपीओ भूमगादी, और साम्यता मठ के जैविक कार्यकर्ता शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों और सहभागी संगठनों को निर्देशित किया कि वे अभियान की कार्य योजना उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं निर्धारित समय सीमा के अनुरूप तैयार करें और सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम को ग्राम पंचायत स्तर तक पहुँचाएँ। उन्होंने कहा कि यह अभियान दंतेवाड़ा जिले की जैविक पहचान को मजबूत करने, किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने, और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

उन्होंने विशेष रूप से जैविक खेती, स्थानीय संसाधनों पर आधारित कृषि, बीज उपचार, पोषण प्रबंधन एवं प्राकृतिक कृषि तकनीकों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। भूमगादी एफपीओ एवं साम्यता मठ के जैविक कार्यकर्ताओं को गाँव-गाँव जाकर कार्यशालाओं, प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग को अभियान का समन्वयक नियुक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर विकासखंडवार कार्य योजना तैयार करने को कहा गया। साथ ही, पशुपालन और मत्स्य विभाग को ग्रामीण आजीविका के सशक्तिकरण हेतु अपने कार्यक्रमों को अभियान में समाहित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सभी प्रतिभागियों ने अभियान के उद्देश्यों के प्रति पूर्ण समर्थन एवं सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले की 78 पंचायतों में किसानों के लिए प्रशिक्षण, कृषि प्रदर्शनी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, बीज किट वितरण, फसल विविधीकरण, जैविक खेती की तकनीकी जानकारी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान जिले के कृषकों को आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करने में एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### जय स्तंभ चौक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कि आज 25 मई को शाम 5 बजे जय स्तम्भ चौक अस्पताल के पास झीरम घाटी में शहीद हुए नेताओ, सुरक्षाकर्मियों, आम जनता को श्रद्धांजलि दी जाएगी। आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिले के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं व आम जनता से शामिल होने आव्हान किया है।

### राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक 27 को

**दंतेवाड़ा।** संयुक्त जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक दिनांक 27 मई को समय-सीमा बैठक के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी सभाकक्ष तृतीय तल में आयोजित की गई है। इस संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों को एजेण्डा अनुसार संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिया गया है।

### तेन्दूपत्ता संग्राहकों को किसी भी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं होगा

**बीजापुर।** प्रबंधक संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर एवं वन मंडलाधिकारी रामाकृष्णा रंगानाथा वाय ने बताया कि तेन्दूपत्ता का नियमानुसार बीमा कराया जाता है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित होने पर बीमा कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता है।
उल्लेखनीय है कि तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2025 में जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर द्वारा 121600 मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन के नीति अनुसार इस वर्ष विभागीय संग्रहण किया जाना है। 9 मई को तेन्दूपत्ता तोड़ाई प्रारंभ किया गया है, 21 मई तक की स्थिति में 12226.638 मानक बोरा संग्रहण हुआ है। समिति देपला के फड़ कोत्तागुड़ा, गोरगुण्डा-अब, पोषडपल्ली, कारकावाया एवं समिति चेरपल्ली के लॉट क्रमांक 12 अ-चेरपल्ली के फड़ चिल्लामरका का संग्रहित तेन्दूपत्ता की गड्डियां जो कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नदी किनारे चट्टा लगाकर सुखाया जा रहा था, 22 मई को आधी रात में बेमौसम बारिश होने के कारण एवं 23 मई नदी में जल स्तर बढाने से उपरोक्त फड़ों

---

शिक्षा विभाग की उपलब्धियों पर गर्व, राज्य में प्रथम स्थान पाने पर कलेक्टर ने दी बधाई

# वनांचल के बच्चों को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं, दुर्गूकोंदल बनेगा एजुकेशन हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

सपनों को जीने के लिए पहले कठोर संघर्ष के दौर से गुजरना पड़ता है, यही कुदरत की सीख है। इसे विकासखंड दुर्गूकोंदल के शिक्षा विभाग के अमले और छात्रों ने कर दिखाया है। उक्त बातें जिले के कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आयोजित अभिप्रेरणा कार्यक्रम में कहीं।




कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि दुर्गूकोंदल की भूमि खनिज संपदा से भरी पड़ी है, यहां की जो प्रतिभाएं है, उसको तरासने की जरूरत है ,जो शिक्षा विभाग पहले से ही अपने नेतृत्व में छोटे-छोटे नौनिहालों को तरास कर उच्च शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। राज्य में आज प्रथम स्थान पर काबिज हो चुके है जो बहुत ही अनुकरणीय पहल है। शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी, प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं सभी शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं जो अन्य विकासखंड के लिए प्रेरणादाई होगा। अभाव से ही प्रतिभाओं को दिशा मिलती है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि वनांचल में बसे सुदूर क्षेत्र दुर्गुकोंदल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति ला रहा है। इस विकासखंड में शिक्षा का एक नया सूरज उग रहा है, जो जिले के साथ-साथ राज्य को भी प्रकाशित कर रहा है। दुर्गूकोंदल को तत्काल एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।



जिला परियोजना समन्वयक रवि मिश्रा ने कांकेर जिला को राज्य में उत्कृष्ट पायदान पर पहुंचाने का भरपूर श्रेय दुर्गूकोंदल शिक्षा विभाग की पूरी टीम को दिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने अतिथियों को शिक्षा विभाग में प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि हमारे समस्त विद्यालयों के प्रार्थना सभा में संचालित प्रेयर टू गेदर व प्राणायाम की क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। एबीईओ अंजनी मंडावी ने कहा किशिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और नवाचारों जैसे नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, एकलव्य प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय साधन छात्रवृत्ति सह प्रावीण्य परीक्षा, सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा, केंद्रीकृत 5 वीं, 8 वीं परीक्षा, 10वीं, 12 वीं बोर्ड परीक्षा, ग्रीष्मकालीन शैक्षिक कैंप, संकुल समन्वयकों का गणवेश एकरूपता, प्रत्येक विद्यालय में किचन में सामग्री प्रबंधन, प्रत्येक विद्यालय में कांच गिलास व चाय कप एकरूपता, प्रेयर टू ग्रेदर, पालक संपर्क ,नवाचार स्मारिका, मावा मोदोल पुस्तकालय आदि का विस्तार से विकासखंड के छात्रों का रूझान पढ़ाई के प्रति बढ़ा है।

इस दौरान उपलब्धि हासिल करने वाले शिक्षक, प्रधानपाठक ने अपने कार्यों की जानकारी दी। विगत 3 वर्षों में अपने गांव पालहर को प्रतियोगी परीक्षाओं नवोदय, प्रयास तथा सैनिक स्कूल में 11 विद्यार्थियों का चयन एक अतिथि शिक्षक के रूप में टीम वर्क के साथ कराने वाले करण कोमरे ने अनुभव सुनाया।

**ये रहे उपस्थित**
आयोजित अभिप्रेरणा कार्यशाला में जिला सहायक समन्वयक पंकज श्रीवास्तव, तहसीलदार केतन भोयर, जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे, मंडल संयोजक बैजनाथ नरेटी समस्त प्राचार्यगण, संकुल समन्वयक, उपलब्धि प्राप्त विद्यालयों के प्रधानपाठक, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

---

## किसानों के हितों की रक्षा और कालाबाजारी रोकथाम पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

थाना पखांजूर में परलकोट कृषि आदान विक्रेता संघ, पखांजूर की एक आवश्यक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार कुर्रे के निर्देशानुसार आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी लक्ष्मण केंवट और खाद्य निरीक्षक मनोज सरकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

- कालाबाजारी पर सख्त चेतावनी, नकली उत्पादों के खिलाफ सतर्कता बरतने के निर्देश

बैठक में खाद, बीज और कीटनाशकों के नियोजन, बिक्री, कालाबाजारी रोकथाम और किसानों के हितों की रक्षा के संबंध में शासन की मंशा और दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने विक्रेताओं को पारदर्शी व्यापार प्रथाओं का पालन करने और स्टॉक रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। खाद्य निरीक्षक ने प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की बिक्री पर जोर देते हुए नकली सामग्री के खिलाफ सतर्कता बरतने की सलाह दी। बैठक में किसानों के लिए जागरूकता शिविर, डिजिटल रिकॉर्ड-कीपिंग, शिकायत निवारण तंत्र, और पर्यावरण-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विक्रेताओं को शासन की सब्सिडी योजनाओं की जानकारी दी गई ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त, विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय समिति गठन का प्रस्ताव रखा गया। परलकोट कृषि आदान विक्रेता संघ के अध्यक्ष असीम पाल ने सभी विक्रेताओं से शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसानों के हितों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। किसान-विक्रेता संवाद के माध्यम से क्षेत्र में कृषि विकास को बढ़ावा देगा। सभी विक्रेताओं ने बैठक में सक्रिय भागीदारी दिखाई।

---

## रिपेयर करने दी बाइक को अज्ञात ने किया पार, चोर की तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के शांतिनगर में घर के अंदर बिना लॉक किए रखी बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने आधी रात को चोरी कर लिया। मैकेनिक मोटर सायकल को अपने घर में रखे हुए था, तभी यह घटना घटित हुई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे शांतिनगर कांकेर निवासी 45 वर्षीय लोकेश्वर देवांगन पिता जगमोहन देवांगन ने पुलिस को बताया कि मैं मोटर सायकल मैकेनिक का काम करता हूँ। मेरे पास 22 मई को अश्वनी साहू के द्वारा मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीए 5017 को मेरे दुकान में बनाने के लिए दिया था। मैने मोटर सायकल में जो खराबी थी, उसे बना करके रात को मोटर सायकल दुकान में जगह नहीं होने के कारण अपने घर शांतिनगर ले गया था। मोटर सायकल को घर के अंदर रखा था। बीती रात करीबन 2 बजें अज्ञात चोर द्वारा घर का गेट को खोलकर मोटर सायकल को चोरी करके ले गया। सुबह जब देखा तो मेरे द्वारा रखे गए स्थान पर मोटर सायकल नहीं थी। मैने पता लगाया, परंतु पता नहीं चलने पर वाहन मालिक को घटना के बारे में बताया। मोटर सायकल दुकान के संचालक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

- मैकेनिक ने मरम्मत के बाद घर में रखी थी ग्राहक की बाइक



## युवक ने फांसी लगाई कारण अज्ञात



**चारामा।** थाना कांकेर के ग्राम आंवरी में शनिवार 24 मई की सुबह शीतला मंदिर के पास बरगद के पेड़ पर गांव के 38 वर्षीय ललित सिंह ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार वह सुबह 4 से 5 बजे के करीब पानी की टंकी चालू करने के बहाने घर से निकला था। कुछ देर बाद गांव वालों ने उन्हें पेड़ से लटका देखा और तुरंत परिजनों को जानकारी दी। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतारा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नाबालिग की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नाबालिग लड़की की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले की पीड़िता की शिकायत पर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड को जेल भेजा गया।

- तीन साल की जान-पहचान के बाद दबाव में ली थी तस्वीरें, फेक अकाउंट से की वायरल

कांकेर थाना में 20 मई को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराया कि आरोपी वैभव तिवारी से तीन साल से जान पहचान होने और नजदीकी बढ़ने पर आरोपी ने जबरदस्ती आपत्तिजनक फोटों खीचा था। मेरे द्वारा बार-बार मना करने पर वह बोला की फोटो डिलीट कर दिया हूं। पीड़िता 15 मई को शादी कार्यक्रम में गई थी, वहाँ पर उसको पता चला कि वैभव तिवारी उसका आपत्तिजनक फोटो एडिट करके फेक अकाउंट से रिश्तेदार तथा दोस्तों को भेजा रहा है। फोटो वायरल करने के संबंध में आरोपी से पूछा किया, परंतु जान से मारने की धमकी दिया। थाना में अपराध क्रमांक 151/25 धारा-79 बीएनएस पंजीबद्ध करते हुए विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता व नाबालिक से जुड़े होने के कारण पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देशन में आरोपी के खिलाफ 376 (2) (ढ) भादवि,4 (1) पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी का लगातार पता साजी किया गया। आरोपी 19 वर्षीय वैभव तिवारी पिता विजय प्रसाद तिवारी को 23 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**इनकी रही अहम भूमिका**



इस मामले की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, मनोरथ जोशी, महिला प्रधान आरक्षक हितेश्वरी चेलक, आरक्षक अरूण मंडावी, संतोष मरकाम एवं महिला आरक्षक गणेश्वरी कोड़ोपी की अहम भूमिका रहा।

---

### मिशन संचालिका ने आजीविका कार्यों की समीक्षा की

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की राज्य मिशन संचालक जयश्री जैन द्वारा विगत दिवस जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में एक वृहद समीक्षा बैठक अन्तर्गत दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिलों में बिहान मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न आजीविका कार्यक्रमों की प्रगति और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा सहित जिला सुकमा, बीजापुर के अधिकारी सहित उप संचालक पंचायत मिथिलेश किसान उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

पुराना मार्केट में आधे-अधूरे सड़क निर्माण कार्य से शहरवासियों की परेशानी और बढ़ने लगी हैं। बरसात आने में कुछ ही दिन बाकी हैं। बारिश होने के बाद शहरवासियों की परेशानी और बढ़ जायगी। नगर का मुख्य मार्ग होने के कारण यहाँ 24 घंटे लोगों का अवागमन लगा रहता हैं। वही जर्जर सड़क में आये दिन लोग हादसों का शिकार भी हो रहे हैं। इस बात का संज्ञान लेते हुए नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने टूटी सड़क के मरम्मत के लिए पहल की। वे स्वयं सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुँचे। यहां उन्होंने सड़क निर्माण और डामरीकरण कार्य के सम्बन्ध में इंजीनियर और ठेकेदार के मैनेजर से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अध्यक्ष द्वारा इससे पूर्व भी वार्ड क्रमांक 15 -16 में 150 एमएम डाया बोरवेल खनन के दौरान सभी सुरक्षा नियमों, विनियमों एवं बोरवेल के पूरा होने के बाद पानी की गुणवत्ता और प्रवाह के जांच तक अपनी निगरानी में किया गया था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सरकार का जनता से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम सुशासन तिहार: विधायक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन तिहार के तहत शनिवार को जिले तोकापाल और जगदलपुर विकासखंड में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड तोकापाल के ग्राम पंचायत तोकापाल के बेड़ागुड़ा बाजार स्थल में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम बड़ेपाराकोट, छोटेपाराकोट, ईरिकपाल, एर्राकोट, भेजरीपदर, कोयपाल, राजूर, छोटे राजूर, बेडागुडा, परपा, तोकापाल, मेटावाड़ा, एरण्डवाल, दुगनपाल, बड़ेआरापुर, तेलंगाआरापुर ग्राम पंचायत को सम्मिलित किया गया था। इस कलस्टर में सुशासन तिहार के तहत 6432 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें सभी का निराकरण किया गया। इस शिविर में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद पंचायत तोकापाल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला और जनपद के सदस्य, क्षेत्र के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक विनायक गोयल ने कहा कि जिले में आयोजित समाधान शिविर का बहुत अच्छा प्रतिसाद जनता से मिल रहा है। सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का समाधान शिविर में जनता की समस्या और मांग का त्वरित समाधान हो रहा है। सरकार का जनता से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम सुशासन तिहार व समाधान शिविर रहा है। विकासखण्ड- जगदलपुर के ग्राम पंचायत साड़गुड़ में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम - नियानार, सरगीपाल (ग्रामीण), तुसेल, कोरपाल, कुलगांव, जाटम, डोगांम, साड़गुड़, मांझीगुड़ा, हाटपदमूर, सिडमुड़, अलनार को शामिल किया गया था। इस क्लस्टर में सुशासन तिहार में 4889 आवेदन प्राप्त हुए थे।

## शिक्षा में गुणवत्ता लाने युक्तियुक्तकरण नीति मील का पत्थर होगी साबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा से जोड़ने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। फलस्वरूप शिक्षा की क्षेत्र में गुणवत्ता लाये जाने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं में शिक्षकों की उपलब्धता बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा शालाओं तथा वहां पदस्थ शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने हेतु दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। जिले में दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लाने शासन की युक्तियुक्तकरण मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में अथवा निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं ऐसी शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। साथ ही अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण कर पदस्थापना की जाएगी।



## चयनित खिलाड़ियों से कलेक्टर ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षणों में से एक क्षण उस समय सामने आया जब जिले के होनहार खिलाड़ी खेलो इंडिया एकेडमी की आवासीय स्टेट एकेडमी में चयनित हुए। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने इन प्रतिभाशाली बच्चों से मुलाकात की और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह चयन सिर्फ बच्चों की मेहनत का नहीं, बल्कि पूरे सुकमा जिले की उपलब्धि है। उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि आप सभी पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करे। इस दौरान कलेक्टर ने खिलाड़ियों को जरूरी खेल सामग्री जैसे स्पोर्ट्स शूज, जर्सी, ट्रैकसूट एवं अन्य आवश्यक किट प्रदान करने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## शहर हो स्वच्छ इसके लिए सभी एकजुट हों : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शहर के विभिन्न इलाकों में नगर निगम द्वारा 10 दिनों तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी कड़ी में शनिवार सुबह पनारापारा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। 2 घंटे तक चले इस स्वच्छता अभियान में मंदिर के आसपास सफाई किया गया। मंदिर के सामने स्थित पार्क में पसरी गंदगी को सभी ने मिलकर साफ किया। स्वच्छ जगदलपुर-सुंदर जगदलपुर, हमने यह ठाना है-जगदलपुर स्वच्छ बनाना है जैसे नारे भी लगाए गए।



महापौर संजय पाण्डे ने कहा शहर को स्वच्छ बनाने को लेकर यह अभियान चलाया गया है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य न केवल सफाई को बढ़ावा देना है बल्कि स्वच्छता को हर नागरिक की जिम्मेदारी बनाना है। स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलु है जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। मालूम हो कि इससे पहले शुक्रवार को लालबाग हाउसिंग बोर्ड के पास ऐतिहासिक भूतहा तालाब में सफाई अभियान चलाया गया था। इसमें भी जन प्रतिनिधियो के साथ नगर निगम के कर्मचारी, ब्रांड एंबेसडर व शहरवासी उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान में महापौर संजय पाण्डे के अलावा स्पीकर खेमसिंह देवांगन, पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, पार्षद रोशन सिसोदिया, श्वेता बघेल, आशा यादव, उर्मिला यादव, उमा मिश्रा, यशवर्धन राव, योगेश ठाकुर ,राजपाल कसेर, गिरजा गुप्ता, महेश्वरी ठाकुर, किरण दीवान, मनोज ठाकुर, अनिल लुक्कड़, विधु शेखर झा, गंगोत्री चंद्रवंशी, नरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा, सोनसिंह पटेल, सुखलाल, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा शामिल हुए।

